**INDIAN SCHOOL SOHAR**
**TERM II EXAMINATION (2022-23)**
**HINDI**

**CLASS : VIII** **MAX. MARKS: 80**
**DATE: 05/03/2023** **TIME : 3 HOURS**

---

सामान्य निर्देश :

- इस प्रश्न-पत्र में कुल चार खंड हैं –'क','ख','ग' और 'घ'।
- इस प्रश्न-पत्र में कुल 14 प्रश्न हैं ।
- दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए इनके उत्तर दीजिए ।
- प्रत्येक प्रश्न को ध्यानपूर्वक पढ़कर यथासंभव क्रमानुसार उत्तर लिखिए ।

---

खंड 'क'

प्रश्न 1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

विद्यार्थी जीवन को मानव जीवन की रीढ़ की हड्डी कहें तो कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। विद्यार्थी काल में बालक में जो संस्कार पड़ जाते हैं, जीवन भर वही संस्कार अमिट रहते हैं। इसीलिए यही काल जीवन की आधारशिला कहा गया है। यदि यह नींव दृढ़ बन जाती है तो जीवन सुदृढ़ और सुखी बन जाता है। यदि इस काल में बालक कष्ट सहन कर लेता है तो उसका स्वास्थ्य सुंदर बनता है। जो मन लगाकर अध्ययन कर लेता है तो उसे ज्ञान मिलता है, उसका मानसिक विकास होता है। जिस वृक्ष को प्रारंभ से सुंदर सिंचन और खाद मिल जाती है, वह पुष्पित एवं पल्लवित होकर संसार को सौरभ देने लगता है। इसी प्रकार विद्यार्थी काल में जो बालक श्रम, अनुशासन, समय एवं नियम के साँचे में ढल जाता है,वह आदर्श विद्यार्थी बनकर सभ्य नागरिक बन जाता है।

प्रश्न

(क) मन लगाकर अध्ययन करने से क्या लाभ होते हैं ? (2)
(ख) कौन-से संस्कार कब तक अमिट रहते हैं ? (2)
(ग) क्या कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी ? (1)
(घ) आदर्श विद्यार्थी कैसे सभ्य नागरिक बन जाता है ? (1)
(ङ) उक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए । (1)

खंड 'ख'

प्रश्न 2. (i) 'आलोक' शब्द के लिए उचित विलोम शब्द वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

(क) अंधकार (ग) आंतरिक
(ख) प्रकाश (घ) उजाला

(ii)'अतिवृष्टि' शब्द के लिए उचित विलोम शब्द वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

(क) अनावश्यक (ग) अनादर
(ख) अनावृष्टि (घ) अपरिवर्तन

(iii) निर्बल को............के सहारे की आवश्यकता होती है ।' रिक्त स्थानों के लिए उचित विलोम शब्द वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

(क) हानि (ग) बहिरंग
(ख) सबल (घ) मूर्ख

प्रश्न 3.(i) 'मोर मुकुट मकराकृत कुंडल' पंक्ति में आए अलंकार का नाम क्या होगा ? (1)

(क) यमक अलंकार　　(ग) अनुप्रास अलंकार
(ख) उपमा अलंकार　　(घ) श्लेष अलंकार

(ii) 'मखमल-सी कोमल हरियाली' प्रस्तुत पंक्ति के लिए सही अलंकार वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) अनुप्रास अलंकार　　(ग) उपमा अलंकार
(ख) यमक अलंकार　　(घ) श्लेष अलंकार

(iii) 'बाल के बाल अब सुलझे नाहिं' पंक्ति के लिए उपयुक्त अलंकार वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) उपमा अलंकार　　(ग) अतिश्योक्ति अलंकार
(ख) श्लेष अलंकार　　(घ) यमक अलंकार

प्रश्न 4.(i) 'परोपकार' शब्द के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित संधि–विच्छेद वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

(क) परा + उपकार　　(ग) पर + ऊपकार
(ख) पर + उपकार　　(घ) परी + उपकर

(ii) 'रवीन्द्र' शब्द के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित संधि–विच्छेद वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

(क) रवी + इंद्र　　(ग) रवि + इंद्र
(ख) रीव + इंद्र　　(घ) रवी + ईंद्र

(iii) 'महा+ऋषि' संधि-विच्छेद के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित संधि वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

(क) माहार्षी　　(ग) महर्षी
(ख) महार्षि　　(घ) महर्षि

(iv) 'अति+आचार' संधि-विच्छेद के लिए दिए गए विकल्पों में से उचित संधि वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

(क) अत्याचार　　(ग) आत्याचार
(ख) अतिचार　　(घ) अत्यिचार

प्रश्न 5. (i) 'मुँह में राम, बगल में छुरी' लोकोक्ति के लिए सही अर्थ वाला विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) अपराध करना और हेकड़ी भी दिखाना　　(ग) देखने में सज्जन हृदय से कपटी
(ख) सब दिन न होत न एक समान　　(घ) जिस सहारे रहें ,उसी से दुश्मनी करना

(ii) 'लेना एक न देना दो' लोकोक्ति के लिए सही अर्थ वाला विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

(क) अगर मन शुद्ध है तो घर में ही तीर्थ है　　(ग) बहुत धीमी गति
(ख) किसी से कोई सरोकार नहीं　　(घ) ज़बरदस्ती गले पड़ना

(iii) 'परिस्थितियों के अनुसार जीवन को बदलना' अर्थ देने वाली लोकोक्ति के लिए सही विकल्प कौन-सा होगा ? (1)

(क) चोरी और सीनाजोरी　　(ग) जल में रहकर मगर से बैर
(ख) जैसा देश , वैसा भेष　　(घ) बंदर क्या जाने अदरक का स्वाद

(iv) 'सब मनुष्य समान नहीं होते'अर्थ देने वाली लोकोक्ति के लिए उपयुक्त विकल्प छाँटकर लिखिए। (1)

(क) पाँचों उँगलियाँ एक समान नहीं होतीं　　(ग) उँगलियाँ एक समान नहीं होतीं
(ख) नौ दिन चले अढाई कोस　　(घ) मन चंगा तो कठौती में गंगा।

प्रश्न 6. निम्नलिखित विकल्पों में से शुद्ध वाक्य वाले विकल्प कौन-से होंगे ? (4)

(i) (क) सत्य की सदा जीत होती है।
(ख) सत्य का सदा जीत होती है।
(ग) सत्य की सादा जीत होती है।
(घ) सत्य के सदा जीत होती है।

(ii) (क) हमें घमंड नहीं करनी चाहिए।
(ख) हमें घमंड नही करना चाहीए।
(ग) हमें घमंड नहीं करना चाहिए।
(घ) हम घमंड नही करने चाहिए।

(iii) (क) सूर्य से हम प्रकाश मिलती है।
(ख) सूर्य में हमें प्रकाश मिलती है।
(ग) सूर्य से हमें प्रकाश मिलती है।
(घ) सूर्य से हमें प्रकाश मिलता है।

(iv) (क) उसे अपने मित्र ने क्रोध आई।
(ख) उसे अपने मित्र पर क्रोध आई।
(ग) उसे अपने मित्र पर क्रोध आया।
(घ) उसे अपनी मित्र पर क्रोध आई।

## खंड 'ग'

प्रश्न 7. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (1x5)

एक दिन एकाएक आकाश में उड़ता हुआ खून से लथपथ एक बाज साँप की उस गुफा में आ गिरा। उसकी छाती पर कितने ही ज़ख्मों के निशान थे, पंख खून से सने थे और अधमरा-सा ज़ोर-शोर से हाँफ रहा था। ज़मीन पर गिरते ही उसने एक दर्द भरी चीख मारी और पंखों को फड़फड़ाता हुआ धरती पर लोटने लगा। डर से साँप अपने कोने में सिकुड़ गया। किंतु दूसरे ही क्षण उसने भाँप लिया कि बाज जीवन की अंतिम साँसें गिन रहा है और उससे डरना बेकार है। यह सोचकर उसकी हिम्मत बँधी और वह रेंगता हुआ उस घायल पक्षी के पास जा पहुँचा। उसकी तरफ कुछ देर तक देखता रहा फिर मन ही मन खुश होता हुआ बोला – "क्यों भाई, इतनी जल्दी मरने की तैयारी कर ली ?"

प्रश्न:

(क) उक्त गद्यांश के लेखक कौन हैं ?
(ख) ज़मीन पर गिरते ही बाज ने क्या किया ?
(ग) साँप ने बाज से क्या कहा ?
(घ) साँप ने क्या भाँप लिया ?
(ङ) कथन और कारण को पढ़कर उचित विकल्प चुनिए :

कथन : बाज रेंगता हुआ उस घायल पक्षी के पास जा पहुँचा।
कारण : क्योंकि उसे उड़ना आता था।

विकल्प : (i) कथन और कारण दोनों सही हैं।
(ii) कथन और कारण दोनों गलत हैं।
(iii) कथन सही और कारण गलत है।
(iv) कथन गलत है और कारण सही है।

प्रश्न 8. निम्नलिखित में से <u>किन्हीं पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (2x5)

(क) लाला झाऊलाल को कब और किस वैज्ञानिक की याद आई ?
(ख) पानी की कहानी पाठ में कौन और कैसे काँप उठी ?
(ग) भगवान के डाकियों की चिट्ठियाँ कौन बाँचते हैं ?
(घ) पहियों से बनी किन्हीं चार वस्तुओं के नाम लिखिए।
(ङ) फातिमा क्या काम करती थी ?
(च) बाज़ की गुफ़ा कैसी थी ?
(छ) कबीर घास की निंदा करने से क्यों मना करते हैं ?

प्रश्न 9. निम्नलिखित में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लिखिए : (3x4)

(क) कबीर की किसी एक साखी का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।
(ख) 'भगवान के डाकिए' कविता से क्या संदेश मिलता है ?
(ग) हाइड्रोजन और ऑक्सीजन को पानी ने अपना पूर्वज/पुरखा क्यों कहा ?
(घ) 'साइकिल आंदोलन' से पुडुकोट्टई की महिलाओं के जीवन में कौन-कौन से बदलाव आए हैं ?
(ङ) लाला झाऊलाल को बेढंगा लोटा बिलकुल पसंद नहीं था। फिर भी उन्होंने चुपचाप लोटा ले लिया। आपके विचार से वे चुप क्यों रहे ? अपने विचार लिखिए।

प्रश्न 10. निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए : (8)

(i) अदब (ii) साँसत (iii) आपा (iv) सौरभ
(v) असीम (vi) खोखल (vii) सांगोपांग (viii) यकीन

प्रश्न 11. निम्नलिखित शब्दों से वाक्य बनाकर लिखिए : (5)

(i) पारसाल (ii) पाँख (iii) अंग्रेज़ (iv) अनेक (v) नदी

## खंड 'घ'

प्रश्न 12. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 80-100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए : (5)

(क) जल ही जीवन है
(ख) बाल दिवस
(ग) सच्चा मित्र

प्रश्न 13. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में पत्र लिखिए : (5)

(क) क्रिकेट मैच जीतने की ख़ुशी में अपने पिताजी को पत्र लिखिए।
(ख) मित्र द्वारा की गई सहायता के लिए धन्यवाद प्रकट करते हुए उसे पत्र लिखिए।

प्रश्न 14. निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर 80-100 शब्दों में संवाद लिखिए : (5)

(क) फलवाले और ग्राहक के बीच संवाद।
(ख) अपने-अपने प्रिय विषय के बारे में दो मित्रों के बीच संवाद।

........................